निबंधन संख्या पी0टी0-40



बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

17 पौष 1943 (श0)

(सं0 पटना 19) पटना, शुक्रवार, 7 जनवरी 2022

नगर विकास एवं आवास विभाग

अधिसूचना

5 जनवरी 2022

सं० 10 न0वि0/गठन–41/2021–69/न0वि0 एवं आ0वि0—बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) (यथासंशोधित) की धारा 3 (1) (क), 4, 5, 6 एवं 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल निम्नलिखित आदेश का प्रारूप, जिसे वह निर्गत करना चाहते हैं, उससे प्रभावित हो सकने वाले व्यक्तियों के सूचनार्थ इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि इस अधिसूचना के प्रकाशन से एक माह के भीतर उक्त प्रारूप पर विचार किया जाय।

प्रारूप प्रकाशन की अवधि में संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी के माध्यम से जो भी आपत्तियाँ/सुझाव प्राप्त होंगी उनपर उक्त अधिनियम के धारा–5 के अधीन विचार किया जायेगा।

प्रारूप आदेश

संख्या–**10 न0वि0/गठन–41/2021**–बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (बिहार अधिनियम, 11, 2007) (यथासंशोधित) की धारा 3 (1) (क), 4, 5, 6 एवं 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभागीय अधिसूचना संख्या 3742 दिनांक 28.12.2021 द्वारा मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत नगर निगम मुजफ्फरपुर का क्षेत्र विस्तार का प्रारूप प्रकाशित किया गया है। उक्त क्षेत्र विस्तार में सम्मिलित क्षेत्रों के अतिरिक्त बिहार के राज्यपाल घोषित करते हैं कि उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ निम्न विवरणी के कॉलम 3 में पड़ने वाले क्षेत्रों में, जिनकी चौहद्दी कॉलम 5 में दी गई है, प्रशासनिक उपबंध करना तथा उक्त अधिनियम के उपबंधों को उक्त क्षेत्र में लागू करना आवश्यक है तथा उक्त क्षेत्र को कॉलम 2 में अंकित नगर निगम कहा जायेगा।

जिला का नाम–मुजफ्फरपुर

क्रमांक	प्रस्तावित नगर निकाय का नाम	सम्मिलित क्षेत्रों/ग्रामों का नाम एवं थाना संख्या	सम्मिलित ग्राम पंचायत का नाम	प्रस्तावित नगर निकाय की चौहद्दी (थाना नं0 सहित)	प्रस्तावित नगर पंचायत की कुल जनसंख्या (वर्ष 2011 जनगणना के आधार पर)
1	2	3	4	5	6
1	नगर निगम मुजफ्फरपुर	अधिसूचना संख्या 3742 दिनांक 28.12.2021 द्वारा नगर निगम मुजफ्फरपुर का क्षेत्र विस्तार में सम्मिलित क्षेत्र के अतिरिक्त ग्राम–भिखनपुरा–660, रसूलपुर सैयद वाजिद–661, रसुलपुर सैयद सलेम–662, राघोपुर–676 एवं सहबाजपुर–663	अधिसूचना संख्या 3742 दिनांक 28.12.2021 द्वारा नगर निगम मुजफ्फरपुर का क्षेत्र विस्तार में सम्मिलित ग्राम पंचायत के अतिरिक्त ग्राम पंचायत भीखनपुरा एवं सहवाजपुर (आंशिक भाग)	उत्तर–दरभंगा फोरलेन दक्षिण–पुराना दरभंगा रोड (मुजफफरपुर नगर निगम क्षेत्र की नई अधिसूचित परिसीमा) पूरब–ग्राम मिठनपुरा–659 की पश्चिमी सीमा, ग्राम–सहवाजपुर उर्फ शेखपुर–658 की पश्चिमी सीमा पश्चिम–सीतामढ़ी मुख्य सड़क	248101

2. यह अधिसूचना तुरत प्रवृत्त होगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह0) अस्पष्ट,
सरकार के उप–सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 19-571+200-डी0टी0पी0
Website: http://egazette.bih.nic.in